उत्तर प्रदेश शासन

लोक निर्माण अनुभाग-3

संख्या-40/2022/1238/23-3-2022-16ईएस/2021

लखनऊ : दिनांक : 30 जून, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) के पद पर कार्यरत श्री वहीद बख्श को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से मुख्य अभियन्ता स्तर-2 (सिविल) के पद पर वेतनमान रू0 37,400-67,000/- एवं ग्रेड वेतन रू0 8900/- (पे मैट्रिक्स लेवल-13क) में नियमित पदोन्नति करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करतें है।

2- श्री वहीद बख्श, प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग कार्यालय में योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगे तथा अग्रिम आदेशों तक पूर्व में आवंटित कार्य करते रहेंगे।

3- श्री वहीद बख्श की तैनाती के आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

4- उक्त आदेश दिनांक 01.07.2022 से प्रभावी माना जायेगा।

गिरिजेश कुमार त्यागी
विशेष सचिव।

संख्या-40/2022/1238(1)/23-3-2022-तद्दिनांकः-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- निदेशक राजकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज को सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
3- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि वास्तविक रूप से पद उपलब्ध होने पर ही कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें।
4- प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क)/प्रमुख अभियन्ता (परिकल्प एवं नियोजन) लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी/मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
7- संबंधित अधिकारी।
8- कार्मिक अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(नीरजा सक्सेना)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in